कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा–स/22492/प्रवेशोत्सव/2017–18/154 दिनांक : 01.08.1

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक प्रथम/द्वितीय

विषय :–राजकीय विद्यालयों में कक्षा–समूह वार प्रदत्त नामांकन लक्ष्य अर्जन की सुनिश्चितता के लिए नवीन प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि में वृद्धि किए जाने बाबत् ।

प्रसंग :– समसंख्यक पत्र दिनांक 14.07.2017

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक निर्देश पत्र द्वारा राजकीय विद्यालयों में कक्षा – 9 से 12 के लिए नवीन प्रवेश हेतु पूर्व में निर्धारित अन्तिम तिथि में वृद्धि पश्चात् दिनांक 31.07.2017 निर्धारित की गई थी। समस्त जिलों से प्रदत्त नामांकन लक्ष्यों के विरूद्ध प्राप्त नवीन नामांकन प्रगति सूचना के समीक्षोपरान्त वर्ष : 2017–18 में कक्षा–9 से 12 के लिए राजकीय विद्यालयों में नवीन प्रवेश हेतु पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई में वृद्धि की जाकर 15 अगस्त–2017 निर्धारित की जाती है।

उपर्युक्त क्रम में क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय विद्यालयों में कक्षा–9 से 12 के लिए प्रवेश हेतु निर्धारित अंतिम तिथि में वृद्धि के निर्देश प्रसारित करते हुए विभाग द्वारा सत्र : 2017–18 के लिए प्रत्येक विद्यालय हेतु कक्षा–समूह वार निर्धारित नामांकन लक्ष्य अर्जन हेतु संस्था प्रधान/शिक्षक स्तर पर समसंख्यक निर्देश पत्र दिनांक : 21.03.2017 द्वारा नामांकन लक्ष्य प्राप्ति कार्य योजना में प्रदत्त निर्देशानुरूप आवश्यक कार्यवाही किए जाने की सुनिश्चितता करावें।

सम्पूर्ण क्षेत्राधिकार में नामांकन लक्ष्य प्राप्ति की सुनिश्चितता हेतु कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर निर्देशों की क्रियान्विति सर्वोच्च प्राथमिकता से सम्पादित करावें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. उप शासन सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा(आयोजना)विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
5. समस्त मण्डल उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को क्षेत्राधिकार में समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
6. उप निदेशक (सांख्यिकी), कार्यालय हाजा ।
7. उप निदेशक (समाज शिक्षा), कार्यालय हाजा ।
8. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान।
9. रक्षित पत्रावली।

1/08/17

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com